पाटन पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पश्चिम बंगाल से आए 150 मजदूरों को लिया हिरासत में

पाटन। स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मोठुका क्षेत्र के विभिन्न ईंट भट्टों पर काम कर रहे पश्चिम बंगाल से आए करीब 150 मजदूरों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई अवैध रूप से रह रहे बाहरी मजदूरों की पहचान और सुरक्षा कारणों को लेकर की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन सभी मजदूरों की विधिवत जांच-पड़ताल की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे वैध दस्तावेजों के साथ कार्यरत हैं या नहीं। पाटन थाना प्रभारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल था।

पाटन में कार्रवाई अवैध रूप से रह रहे बाहरी मजदूरों की पहचान और सुरक्षा कारणों को लेकर की गई है।

सूत्रों का कहना है कि यह केवल शुरुआत है और आने वाले दिनों में अन्य ईंट भट्टों पर भी इसी प्रकार की छानबीन की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि कुछ भट्टों में मानव तस्करी या बाल श्रम जैसे मामलों की भी आशंका है, जिसे गंभीरता से लिया जा रहा है।पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हलचल मच गई है, जबकि स्थानीय प्रशासन इसे कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम मान रहा है।

- ईट भट्टों पर चल रही जांच तेज

अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान बना सहारा

पाटन । राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा के दौरान नीमकाथाना में परीक्षा देने आए छात्र-छात्राओं के परिजनों के लिए रविवार का दिन सुकूनभरा रहा। डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान ने सामाजिक सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उनके लिए नि:शुल्क विश्राम एवं जलपान की व्यवस्था की, जिससे अभिभावकों को भीषण गर्मी में बड़ी राहत मिली।छात्रावास परिसर में बनाए गए विश्राम स्थल पर बैठने, पीने के पानी, शरबत, चाय व नाश्ते की व्यवस्था पूरे दिन उपलब्ध रही। यह सेवा परिजनों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं रही। संस्थान के अध्यक्ष रामजी लाल वर्मा, उपाध्यक्ष जुगल किशोर पत्रकार, छात्रावास अधीक्षक प्रो. ईश्वर चंद वर्मा, हंसराज किलानियाँ, रवि जिंदल सहित संस्थान में निवासरत छात्र भी स्वयंसेवक के रूप में सेवा में जुटे रहे।इस सेवा कार्य में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी (शिक्षा विभाग) कैलाश वर्मा ने भामाशाह की भूमिका निभाते हुए जलपान, शरबत, नाश्ता एवं चाय की समस्त व्यवस्था का जिम्मा उठाया। उनके इस योगदान की सभी आगंतुकों और आयोजकों ने सराहना की।संस्थान में ठहरे कई अभिभावकों ने व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए आयोजकों और सहयोगकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के पास ऐसी सुविधाएं दुर्लभ होती हैं, लेकिन नीमकाथाना में उन्हें अपनापन और सच्ची सेवा भावना देखने को मिली।

सार-समाचार

गीता के सिद्धांत ही तय करेंगे देश और दुनिया की दिशा : सिंघानिया

चूरू । स्थानीय भास्कर भवन में प्रत्येक रविवार को चलने वाली गीता क्लासेज में बच्चों ने गीता सीखने के साथ-साथ लिखना भी शुरू कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संजय सिंघानिया ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों के लिखित गीता के श्लोकों की जांच की गई। आचार्य जनार्दन ने बच्चों को 12 और 15 अध्याय के पाठ का अध्ययन करवाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये संजय सिंघानिया ने कहा कि देश और दुनिया की दिशा गीता के सिद्धांत ही तय करेंगे। इस अवसर पर माधुरी शर्मा, मीनाक्षी चोटिया, पूनम शर्मा, दिव्या शर्मा, रेनू बजाज ने बच्चों को पांच श्लोकों का अभ्यास करवाया। प्रमोद गौड़, विशाल सिंघानिया ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया ने किया।

एग्जाम 6 मई से

सीकर । परीक्षा अधीक्षक विष्णुदत्त भारद्वाज ने बताया कि म न एएनएम फर्स्ट ईयर की एग्जाम 6 मई से 9 मई 2025 तक प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक स्कूल ऑफ नर्सिंग, संस्थान भवन, पिपराली, सीकर (राज.) में परीक्षा अधीक्षक विष्णुदत्त भारद्वाज व परीक्षा प्रभारी मदनलाल कुमावत की देख रेख में आयोजित की जाएगी । परीक्षा अधीक्षक ने बताया की परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से आधा घण्टे पूर्व पहुँच कर चैकिंग करवाकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश लेना है। उन्होंने बताया कि जिले के नर्सिंग स्कूलो से लगभग 90 प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में शामिल होगें। परीक्षा के दौरान आर.एन.सी. की तरफ से ऑब्जर्वर, पर्यवेक्षक एवं उडनदस्ते की व्यवस्था भी की गई है। इनका उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थी के विरूद्ध आर.एन.सी. के नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेंदारी परीक्षार्थी की स्वयं की होगी।

धूल भरी आंधी चली

बीदासर । कस्बे में शनिवार की देर शाम आई धूल भरी आंधी से आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। कई घंटों तक चली धूल भरी आंधी से कई बार विद्युत व्यवस्था भी ठप हुई। रविवार की सुबह लगभग दस मिनट तक हुई हल्की बरसात से मौसम में ठंडक घुलने से मौसम सुहावना हो गया। दिनभर लोगो को ठंडी हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिली। समाचार लिखे जाने तक आसमान में बादल मंडराए रहे। लेकिन जमकर बरसात नही हुई।

98.69 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी नीट परक्षा

सीकर । अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि 4 मई 2025 को आयोजित की गई नीट परीक्षा-2025 संपन्न हुई। उन्होंने बताया की 4 मई को नीट परीक्षा में 32 हजार 208 रजिस्टर्ड हुए जिनमें से 31 हजार 787 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 421 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

यूपीएससी चयनित रवि बिसु का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

झुंझुनूं, । भारतीय सिविल सेवा में राजस्थान से चयनित अभ्यर्थियों का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सम्मान किया। जयपुर में आयोजित समारोह में यूपीएससी में चयनित झुंझुनूं के गांव मौजास निवासी रवि बिसु का भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफा, शॉल ओढ़ाकर व बधाई संदेश देकर सम्मान किया। रवि बिसु ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से सीधा संवाद भी किया और लोकसेवक के रूप में उत्कृष्ट सेवा देने के रूप में संबोधित किया। इस दौरान राजस्थान के मुख्य सचिव आईएएस सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू, मुख्यमंत्री विशेष सचिव आईएएस सिद्धार्थ सिहाग समेत अन्य मौजूद रहे।

मोहित चौधरी ने 83वीं रैंक हासिल की

झुंझुनूं, । अलीपुर निवासी एवं हाल बसंत विहार झुंझुनूं निवासी मोहित चौधरी ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में 83वीं रैंक हासिल कर नाम रोशन किया है। मोहित चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर में आस्था और विश्वास बताया इसके अलावा अपने पिता सुभाषचंद्र भांबू, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, सुरेंद्र भांबू, चंद्रकला चौधरी एवं मोरारका कॉलेज झुंझुनूं से राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार भड़िया को दिया।

महेश बसावतिया ने शिक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

झुंझुनूं, । विप्र सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से उनके जयपुर आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा मंत्री का विप्र सेना का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया व झुंझुनूं में भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर चर्चा करने साथ झुंझुनूं जिले के विकास को डबल इंजन सरकार की संवेदनशीलता इसी से प्रदर्शित होती है कि शेखावाटी को यमुना जल का सपना जल्द ही साकार होकर यथार्थ के धरातल पर दिखाई देगा। इस अवसर पर उनके साथ अभिषेक जोशी मंड्रेला, अनिरूद्ध चौमाल, जितेंद्र शर्मा सांखू आदि मौजूद थे।

मंदिर में पांच पीढियों सहित विराजे भगवान देवनारायण

नवलगढ़, । तीर्थराज लोहार्गल स्थित गुर्जर धर्मशाला परिसर में नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पांच पीढियों सहित भगवान देवनारायण की मूर्ति स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व शनिवार को ईसरादास पगल्या धाम धनावता के महंत सांवतराम भगत, बलदेवाचार्य धाम कालाकोटा के बाहुबलद्वाराचार्य महाराज, यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री महाराज, कृष्णदास महाराज, सीतारामदास महाराज, प्रहलाददास महाराज, भींवादास महाराज, बनवारीदास महाराज सहित संतों के सानिध्य में गोल्याणा से लोहार्गल तक ऐतिहासिक कलश यात्रा व मूर्ति नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई थी। रविवार सुबह 6.15 बजे से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू हुए। मंदिर शिखर पर कलश की स्थापना की गई। इसके बाद मंदिर में बनाए गए अलग-अलग मंडप में भगवान देवनारायण व उनके पूर्वजों की मूर्तियां स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन हुआ संपन्न

झुंझुनूं, । अग्रवाल वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन अठासेन भवन झुंझुनूं में संपन्न हुआ। संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि सम्मेलन में 14 युवक एवं तीन युवतियों के बायोडाटा एकत्रित हुए। उनका पंजीयन कर बायोडाटाओं का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पवन कुमार अठावाल, अशोक अठावाल, जुगलकिशोर मोदी, मनीष बगड़िया, अरुण बंसल, प्रमोद अठावाल, जगदीशप्रसाद मित्तल, सोनू अठावाल, हिमांशु अठावाल, महेश कुमार, राजकुमार गुप्ता, गोविंद अठावाल, राजेंद्र प्रसाद एवं काफी संख्या में अठा बंधु एकत्रित हुए।

वक्फ की संपत्ति पर बाहुबली मुस्लिमों का था कब्जा : राठौड़

झुंझुनूं दौरे पर आए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने वक्फ संसोधन विधेयक को लेकर बड़ा बयान दिया है। पत्रकारों से वार्ता में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वर्षों से वक्फ की कीमती संपत्तियों पर बाहुबली मुस्लिमों ने कब्जा कर रखा था और वहां होटल, दुकानें और कॉलोनियां काटकर बेच दी गई। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने वक्फ की संपत्तियों पर अवैध कब्जे किए।

जिलाध्यक्ष सैनी के नेतृत्व में किया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

झुंझुनूं, । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ झुंझुनूं दौरे पर रहे। झुंझुनूं से पिलानी जाते समय मंडावा मोड़ पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी जल्द ही शेष मंडल अध्यक्षों की घोषणा करेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा भी की जाएगी। अंता विधायक कंवरलाल के खिलाफ मामले में सजा को लेकर पूछे गए सवाल पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा, यह देखना होगा कि कोर्ट से उन्हें राहत मिलती है या नहीं। भाजपा कार्यकर्ताओं में राठौड़ के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाबाई, भाजपा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, कमल कांत शर्मा , जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, संदीप शर्मा, मंडावा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, कैलाश शर्मा, ललित जोशी, जयप्रकाश चौधरी, श्रवण कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी, संदीप परिहार, संजय परिहार, सचिन तुंवाल, सत्यनारायण शर्मा, मनोज नरेड़ा, अभिषेक सैनी, ज्ञानचंद कुमावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- जल्द होगी शेष मंडल अध्यक्षों की घोषणा - मदन राठौड़

डॉ.शर्मा ब्राह्मण रत्न से सम्मानित

पाटन । सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा विधानसभा परिसर जयपुर के कांस्टीट्यूशनल हाल में प्रदेश स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राष्ट्रीय विकास में ब्राह्मणों का त्याग व योगदान अतुलनीय है।उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने हेतु डॉ.कुलदीप शर्मा छापोली/नीमकाथाना हाल निवासी अजमेर को ब्राह्मण रत्न से सम्मानित करते हुए इनके कार्यों की प्रशंसा की। सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने डॉ.शर्मा के व्यक्तित्व/कृतित्व से सभी को प्रेरणा लेने हेतु प्रोत्साहित किया।पूर्व सांसद रामचंद्र बोहरा एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भी डाक्टर शर्मा को माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मानित किया। आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ.शर्मा बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं।

नवनिर्मित लॉयंस शीतल जल मंदिर का लोकार्पण किया

झुंझुनूं,। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में पंसारी अस्पताल बगड़ रोड परिसर में स्वर्गीय अशोककुमार तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी उर्मिलादेवी तुलस्यान एवं सुपुत्र उत्तमकुमार तुलस्यान द्वारा संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के संयोजन में नवनिर्मित लॉयंस शीतल जल मंदिर का लोकार्पण रविवार को दानदाता तुलस्यान परिवार द्वारा फीता खोल कर, शिलालेख नाम पट्टिका का अनावरण करके किया गया। इससे पूर्व दानदाता तुलस्यान परिवार का क्लब की ओर से माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम कुशल संचालन अध्यक्षीय सलाहकार परमेश्वर हलवाई द्वारा किया गया। सभी आगंतुकों का धन्यवाद संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान ने दिया। क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा एवं पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल ने शीतल जल मंदिर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है, गर्मी के इस समय मौसम में शीतल जल राहगीरों को उपलब्ध करवाना तुलस्यान परिवार द्वारा निश्चय ही बहुत ही श्रेष्ठ कार्य किया गया है।

इस अवसर पर दानदाता तुलस्यान परिवार से उर्मिला देवी तुलस्यान, उत्तमकुमार तुलस्यान, मेघा तुलस्यान, भव्य तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लायन श्रवण केजड़ीवाल, क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, शकुंतला पुरोहित, विनिता शर्मा, डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, महिपाल सिंह, रतनलाल शर्मा, भागीरथ प्रसाद जांगिड़, अशोक सोनी, डॉ. एनएस नरुका, डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, एमजेएफ लॉयन मनोज सिंह टीकेएन, शुभकरण जांगिड़, अमित जगनानी, नवीन केडिया, सुनिल सहल, रजत टीबड़ा, राहुल टीबड़ा, अंकित हंसासरिया, प्रदीप सिंह शेखावत, सत्यनारायण सैनी एवं विवेक केडिया सहित अन्यजन उपस्थित थे।

डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

रतनगढ़ । निकटवर्तीय गांव छाबडी खारी में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर सनातन समाज में समरसता का भाव प्रसारित करके सम्पूर्ण सनातन को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए प्रयासरत सांगलिया पीठाधीश्वर श्री 108 संत शिरोमणि ओमदास महाराज का विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व सर्व सनातन समाज की तरफ से सालासर द्वार के पास पुष्प वर्षा, माल्यार्पण व भगवा शॉल ओढ़ाकर तथा श्री फल देकर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने बताया कि बाबा साहब के पद चिह्नों पर चलकर व सम्पूर्ण समाज को समरसता व एकता के सूत्र में पिरोने के लिए सतत प्रयासरत संत ओमदास महाराज जैसे उच्च विचारवान महापुरुषों की आज के युग में महती आवश्यकता है।

विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष राजकुमार महर्षि ने कहा कि यह हमारे सनातन समाज का सौभाग्य है कि ऐसे संत का रतनगढ़ की पावन धरा पर हमें स्वागत करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिनके मार्गदर्शन में सनातन संस्कृति उन्नित्त के पथ पर अठासर हो रही है। सालासर गेट के पास स्वागत सत्कार के पश्चात् परिषद् व सनातन परिवार के सैंकड़ों नागरिक पूरे लवाजमे के साथ ओम दास महाराज को जयघोष करते हुए खारी छाबड़ी लेकर आए जहां बाबा साहब की मूर्ति के अनावरण का कार्यक्रम हुआ। परिषद् के सभी सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा का माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर समस्त सनातन समाज व भारतवर्ष की सुख, शांति, प्रेम, एकता, सौहार्द व भाईचारे की मंगलकामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, राजकुमार महर्षि, अजय गार्गी सारस्वत, ओम प्रकाश गाड़गिल, महेन्द्र गार्ड, राकेश शर्मा आईस, ओम महर्षि, अनिल पंवार, धनराज सैनी, जगदेव सांखोलिया, रामदेव चंदनिया, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, अरुण पचलंगिया, एडवोकेट लक्ष्मण प्रजापत, बलवीर स्वामी व जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा सहित सर्व समाज के दर्जनों नागरिक गण उपस्थित रहे।

आवेदन की अंतिम तिथि पांच मई

झुंझुनूं, । राज्य स्तरीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दो वर्षीय बीएड पीटीईटी-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर पांच मई कर दी गई है। जिला समन्वयक डॉ. प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदन से वंचित रहे अभ्यर्थियों द्वारा ईमेल एवं दूरभाष पर तिथि बढ़ाए जाने के लिए निरंतर निवेदन किया जा रहा था। इसलिए आवेदन का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। पीटीईटी परीक्षा में पहली बार अभ्यर्थी द्वारा चयनित भाषा हिंदी या अंठोजी में ही प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाया जाएगा। अभ्यर्थी ध्यानपूर्वक फॉर्म भरें। पीटीईटी-2025 की वेबसाइट एवं ई-मित्र से 500 रूपए शुल्क जमा कर आवेदन कर सकते हैं। किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं।

लॉयंस क्लब के तत्वावधान में मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन

झुंझुनूं, । लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड पर मधुमेह चिकित्सा शिविर एमजेएफ लॉयन स्वर्गीय मानाराम जांगिड़ की पुण्य समृति में उनकी धर्मपत्नी उमरावती देवी एवं सुपुत्रों के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया गया।

मधुमेह चिकित्सा शिविर में 63 रोगियों का पंजीयन किया गया। जिनकी निशुल्क बीपी शुगर की जांच की गई एवं परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरूका, लॉयन डॉ. अनिल अठावाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां रोगियों को एक माह की निशुल्क प्रदान की गई।

लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में ही बहुउद्देशी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 28 रोगियों का पंजीयन कर परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अठावाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां क्लब मेडिसिन बैंक से रोगियों को सात दिवस की निशुल्क प्रदान की गई।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, एमजेफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन महिपालसिंह, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन शकुंतला पुरोहित, एममजेफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयन अशोक सोनी एवं दानदाता परिवार के शुभकरण जांगिड़ सहित अन्य जन उपस्थित थे।

आचार्य महाश्रमण के गीतों को गायन

बीदासर । अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन व तेरापंथ युवक परिषद बीदासर के तत्वावधान में युग प्रधान आचार्य महाश्रमण के 52 वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष में आयोजित महाश्रमण अभिवंदना भक्ति की शाम ज्योतिचरण के नाम कार्यक्रम का आयोजन समाधि केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी मंजू यशा व सभी चारित्रात्माओं के सानिध्य में हुआ।

कार्यक्रम में आचार्य महाश्रमण द्वारा रचित अथवा आचार्य महाश्रमण के जीवन पर आधारित गीतों का संगान किया गया। कार्यक्रम में साध्वी मंजू यशा, साध्वी विमलप्रभा, साध्वी ऋजु प्रज्ञा, साध्वी मानव प्रभा, साध्वी स्तुति प्रभा व सभी चारित्रात्माओं ने मधुर गीतों का संगान किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण तेरापंथ युवक परिषद व तेरापंथ किशोर मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानशाला की प्रशिक्षिकाओं ने व महिला मंडल से रूपम बैंगानी ने गीत की प्रस्तुति दी। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद व अणुव्रत समिति द्वारा सामूहिक गीत की प्रस्तुति भी की गई। लाडनू से समागत कमल बैद ने भी स्वरचित गीत की प्रस्तुति दी।

ग्रामीण प्रतिभा तलाश व कॅरिअर सेमीनार टीम का मेगा सेमिनार आयोजित

झुंझुनूं, । मां सावित्रीबाई फुले रमाबाई अंबेडकर हाइटेक लाइब्रेरी अंबेडकर चौक बजावा रावतका में आयोजित हुआ। संयोजक पवन आलड़िया ने बताया कि हाल में सर्व समाज के बच्चों के लिए यू के प्रबोधन विहार ट्रस्ट की ओर से निशुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ बजावा रावतका में हुआ था। जिसका निर्माण समाजसेवी चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. कैलाश महारानिया द्वारा करवाया गया। ताकि गांव की प्रतिभाओं को अपने गांव में ही शिक्षा का एक अच्छा माध्यम मिल सके। सेमीनार में महात्मा बुद्ध, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मां सावित्री बाई फूले रमाबाई की प्रतिमा के पुष्प अर्पित करके आरंभ किया गया। ठाामीणों द्वारा टीम का प्रतीक चिह्न और पंच शील का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सेमीनार में पवन आलड़िया ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें। सरकार की विभिन्न योजनाओं छात्रवृत्तियों, टाइम मैनेजमेंट तनाव मुक्त शिक्षा और स्वरोजगार के ऊपर व्याख्यान दिया और कहा कि सतत प्रयास और कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती हैं। रजत चौधरी ने भारतीय संविधान और समसामियाकी विषय राजनीति और सामान्य ज्ञान और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के ऊपर व्याख्यान दिया। साइबर एक्सपर्ट दिनेश जांगिड़ ने वर्तमान समय हो रहे साइबर फ्रॉड और सोशल मीडिया के फ्रॉड से बचने और एआई के बारे मे जानकारी दी। पवन आलड़िया द्वारा बच्चों को निशुल्क सामान्य ज्ञान की पुस्तके भेंट की गई और नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की शपथ दिलाई गई। यू के प्रबोधन विहार ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक डॉ. कैलाश व उर्मिला महरानिया द्वारा सभी का ऑनलाइन हार्दिक स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सेमीनार में 150 से अधिक बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। फूलचंद महरानियां, हरिराम महरानियां, जयराम, सरदारमल बाबू, प्यारेलाल, मनोज महरानियां, जितेंद्र, प्रदीप, रोशन, वीरेंद्र, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

राजलदेसर में सीएलजी की बैठक आयोजित शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

राजलदेसर । राजलदेसर पुलिस थाने परिसर में रविवार शाम 5 सीएलजी बैठक आयोजित की गई । रतनगढ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की । साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ व अन्य पोस्ट ध्यान पूर्वक पढ़कर करें नहीं तो हो सकती है कानूनी कार्यवाही । उन्होंने कहा कि इस बार बरसात के समय कस्बे को डूबने नहीं देंगे पुख्ता इंतजाम करेंगे।

ताकि कस्बेवासियों को कोई समस्या ना हो । रतनगढ पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा- प्रदर्शनों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से संदिग्ध गतिविधियों या व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आठाह किया। साथ ही किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के निर्देश दिए । नियमों का पालन ना करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई । राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने कहा कि बाहरी लोगों के सत्यापन जरूर करवाएं ताकि कोई नुकसान ना हो पुलिस के द्वारा लगातार बाहरी लोगो की पहचान के लिए सर्च अभियान जारी है । वहीँ थाने में उच्च क्वालिटी 20 कुर्सी देने पर शिक्षक व समाजसेवी ख्यालीराम रैगर का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया । बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रबुद्धजनों और सीएलजी सदस्यों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया। तथा फ्रेंड्स सोसायटी मार्ग पर खुली शराब की दुकान को बंद करवाने की बात कही । इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विष्णु स्वामी , नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी , शंकर खडोलिया , निजी शिक्षण संस्थान जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, मुकेश श्रीमाल, जयचंद महावर , पवन प्रजापत , गंगाराम सोनी , देवकीनंदन दाधीच , वीरेंद्र लाटा , भगवानाराम कुचेरिया, पुरुषोत्तम पारीक , नबीबक्श निर्वाण, निजी समुद्र सिंह , दौलतराम जाट , रामलाल जाट , शंकर कठौड़ ,रामोतार सोनी, मांगीलाल प्रजापत , शिवकुमार नाई , हरिप्रसाद प्रजापत , हनुमान सिंह आबडसर , अनुसूर्या सोनी , मोनिका प्रजापत , विमला , रिटायर्ड नर्सिंग कर्मचारी दाखा जाट , राज कंवर दस्सुसर , मधु , जब्बार खोखर सहित अनेकों कस्बे के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

रतनगढ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक हुई।

- संदिग्ध की सूचना देने की अपील
- रतनगढ उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

डीवाईएफआई की बैठक हुई

झुंझुनूं, । रविवार को नौजवान सभा जिला कमेटी की बैठक शिक्षक भवन झुंझुनूं में जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला महासचिव योगेश कटारिया ने बताया कि बैठक में एक मई से 30 जून तक चलने वाले सदस्यता अभियान, ठाम और वार्ड कमेटी निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा कर संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बताया कि नौजवान सभा जिला कमेटी के प्रत्येक सदस्य को कमेटी निर्माण व सदस्यता अभियान की अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही डीवाईएफआई मलसीसर के अध्यक्ष नईम खान धनूरी, महासचिव सुरेश कुमार पूनियां, एसएफआई जिला महासचिव प्रिया चौधरी को सर्वसम्मति से जिला कमेटी में आमंत्रित किया गया। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानूं व जिले के इंचार्ज अजीत पूनियां मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर, जिला महासचिव योगेश कटारिया, जिला उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी, जिला संयुक्त सचिव देव जैदिया, जिला संयुक्त सचिव पूजा नायक, अजहरुद्दीन गहलोत, राहुल सैनी, सिकंदर पहाड़ियान, एसएफआई जिलाध्यक्ष आशीष पचार, आशु चौधरी, साबिर भाटी इत्यादि मौजूद रहे।